मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 43 ■ अंक : 17 ■ शुक्रवार, 21 मार्च 2025 ■ पृष्ठ 4

3 रुपए

@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com

FOLLOW US · Google Play · GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play · Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel · Subscribe

संपादक – हीरो अशोक बोधा BMM, L.L.B., M.A.

Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

आदित्य ठाकरे पर FIR के साथ CBI जांच की मांग

# ...तो ठेकेदारों के खिलाफ होगी कार्रवाई

■ मानसून से पहले काम पूरा करने के आदेश

■ मनपा आयुक्त ने लिया सख्त एक्शन

**उल्हासनगर.** शहर में गड्ढों और सड़कों की खस्ता हालत को लेकर लोगों की भारी नाराजगी झेलने के बाद आखिरकार मनपा प्रशासन जाग गया है। मानसून सीजन से पहले सड़क निर्माण कार्य पूरा करने की समय सीमा तय की गई है। अनियोजित खुदाई और असामयिक मरम्मत से दुर्घटनाओं की संख्या में वृद्धि हुई है। पिछले कुछ सप्ताहों में दो लोगों की मौत हो गई है तथा कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। इस पृष्ठभूमि पर मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले ने कड़ा रुख अपनाते हुए ठेकेदारों को चेतावनी दी है कि यदि समय पर काम पूरा नहीं किया गया तो जिम्मेदार ठेकेदारों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

आयुक्त आव्हाले द्वारा दिए गए आदेश के अनुसार, सात महत्वपूर्ण सड़कों का काम मानसून सीजन से पहले मई के अंत तक पूरा किया जाना चाहिए। साथ ही, शहर में खुदाई का काम सही ढंग से नहीं होने पर संबंधित ठेकेदारों के खिलाफ आर्थिक दंड और ब्लैक लिस्ट में डालने सहित सख्त कार्रवाई की जाएगी। उल्हासनगर शहर में विभिन्न बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के कारण बड़े पैमाने पर खुदाई चल रही है। हालाँकि, योजना के अभाव और खराब पर्यवेक्षण के कारण यह कार्य नागरिकों के लिए परेशानी का सबब बनता जा रहा है। आयुक्त आव्हाले की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय घोषित किए गए। इस बैठक में अतिरिक्त आयुक्त डॉ. किशोर गवस, एमएमआरडीए के कार्यकारी अभियंता अमोल जाधव, प्रभारी शहर अभियंता हनुमंत खरात और जलापूर्ति विभाग के कार्यकारी अभियंता उपस्थित थे।

### प्रमुख सड़क कार्य

- नेताजी चौक से कैलाश कॉलोनी
- वाल्को कम्पाउंड से वीनस चौक
- सोनार चौक से कोयंडे रोड
- लालचक्की में नया अंग्रेजी हाई स्कूल
- साईं बाबा मंदिर से एक ब्लॉक की दूरी पर
- हीरा घाट मंदिर से डर्बी होटल
- शमा प्रसाद मुखर्जी चौक से शांतिनगर





### मनपा आयुक्त ने दिए सख्त आदेश....

- सात महत्वपूर्ण सड़कों का काम मई के अंत तक पूरा कर लिया जाना चाहिए।
- सड़कों का प्रतिदिन निरीक्षण किया जाना चाहिए तथा कार्य की गति की समीक्षा की जानी चाहिए।
- सीसीटीवी लगाने के लिए खुदाई के लिए पहले अनुमति लेनी होगी और काम पूरा होने के बाद सड़क को बहाल करना होगा।
- अनियोजित एवं लापरवाही से काम करने वाले ठेकेदारों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।
- बैठक की अनुपालन रिपोर्ट अगले सप्ताह प्रस्तुत की जानी चाहिए।

### क्या नागरिकों की अपेक्षाएं पूरी होंगी?

शहर के लोगों की नजर इस बात पर है कि मनपा द्वारा तय समय सीमा के अनुसार सड़कें समय पर पूरी होंगी या नहीं। ऐसे आदेश पहले भी दिए गए थे; हालाँकि, कुछ कार्य अभी भी अधूरे हैं। क्या उल्हासनगर मनपा प्रशासन अपने निर्णय पर अडिग रहेगा? क्या ठेकेदारों और जिम्मेदार अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए बाध्य किया जाएगा? क्या नागरिकों को गड्ढा मुक्त सड़कों से लाभ मिलेगा? जल्द ही यह स्पष्ट हो जाएगा कि नगर निगम की योजना कारगर होगी या फिर नागरिकों को फिर से गड्ढों से होकर यात्रा करनी पड़ेगी!

# पिता ने नाबालिग बेटी का किया शोषण, गिरफ्तार





शंकर अवतडे (वरिष्ठ पोलिस निरीक्षक)

■ उल्हासनगर में घटी शर्मसार घटना

■ आरोपी पिता गिरफ्तार

■ सेंट्रल पुलिस में मामला दर्ज

■ शिक्षिका को बच्ची ने सच बताया

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर के सेंट्रल पुलिस स्टेशन की सीमा में एक बेहद चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां पिता ने अपनी 11 साल की बेटी का यौन शोषण किया है। खास बात यह है कि पुलिस ने हर स्कूल में जाकर बच्चों को अच्छे और बुरे स्पर्श के बारे में जानकारी दी। इस जानकारी के जरिए नाबालिग लड़की को पता चला कि उसका पिता उसके साथ गलत कर रहे है। नाबालिग लड़की ने इसके बाद अपनी शिक्षिका को बताया कि किस तरह उसके पिता रोजाना उसका यौन शोषण करता था। शिक्षक ने इसकी जानकारी लड़की की मां को दी। इसके बाद मां ने सेंट्रल पुलिस स्टेशन में पिता के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने इस संबंध में पोक्सो के तहत मामला दर्ज कर आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता की मां अलग रहती है। इसलिए उसकी दोनों बेटियों की कस्टडी उसके पिता के पास है। उल्हासनगर में पिता द्वारा यौन शोषण किए जाने की शर्मसार घटना ने बड़ा बवाल मचा दिया है।

# व्यापारी जी रिटायरमेंट सिंधी नाटक का 22 मार्च को मंचन

**उल्हासनगर।** सिंधी समाज के नव वर्ष चेटीचंड के पावन पर्व पर सिंधी कलाकार संगम की तरफ से व्यापारी जी रिटायरमेंट नाटक का मंचन शनिवार 22 मार्च की शाम 7 बजे सिंधु यूथ सर्कल, उल्हासनगर-3 में आयोजित किया गया है। इस ब्लॉकबस्टर सिंधी प्ले में शामिल होने की अपील महाराष्ट्र राज्य सिंधी साहित्य अकादमी के कार्याध्यक्ष महेश सुखरामानी ने की है।

# लेटलतीफ अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी



**उल्हासनगर.** मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले ने मनपा में देरी से पहुंचने वाले अधिकारियों को 'कारण बताओ नोटिस' जारी किया है, जिससे मनपा अधिकारियों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया है। इस नोटिस से भविष्य में देर से आने वाले कर्मचारियों पर अंकुश लगेगा।

उल्हासनगर महानगरपालिका का कार्यभार संभालते ही महानगरपालिका आयुक्त मनीषा आव्हाले ने महानगर पालिका में अव्यवस्था को ठीक कराने का प्रयास शुरू कर दिया है। पिछले कुछ महीनों से कुछ वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी किसी कारणवश देर से या दोपहर की छुट्टी के बाद आ रहे हैं, तथा कुछ अधिकारी बार-बार अवकाश ले रहे हैं, जिससे महानगर पालिका के कामकाज पर खासा असर पड़ रहा है। मनपा आयुक्त के संज्ञान में यह मामला आने के बाद उन्होंने सभी अधिकारियों की सूची तैयार कर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

मनपा प्रशासन में कुछ बदलाव देखने को मिल रहे हैं क्योंकि मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले ने कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। संपत्ति कर विभाग पर उनके विशेष ध्यान के परिणामस्वरूप महानगरपालिका के राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। लेकिन पिछले कुछ दिनों से आयुक्त को कुछ अधिकारियों व कर्मचारियों के देरी से आने की शिकायतें मिल रही थीं, जिसको संज्ञान में लेते हुए उन्होंने मनपा के करीब दस कर्मचारियों व अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस भेजा है, जिससे अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। कुछ अधिकारी बीमारी का हवाला देकर खुद को निर्दोष साबित करने की कोशिश कर रहे हैं।

# 'पहचान 2025' : उल्हासनगर में ट्रांसजेंडरों को मिली पहचान

■ ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को वितरित किए गए आधिकारिक पहचान प्रमाण पत्र

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर के ग्लोबल राइट्स फाउंडेशन और एसएसटी कॉलेज द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित 'पहचान 2025' कार्यक्रम में ट्रांसजेंडर समुदाय को सरकारी पहचान प्रमाण पत्र वितरित किए गए। सरकारी मान्यता मिलने से उनके लिए समाज की मुख्यधारा में शामिल होने और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। आत्मसम्मान के लिए मान्यता मिलने की खुशी इन ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के चेहरों पर स्पष्ट दिख रही थी।

तृतीयपंथीय समेत ट्रांसजेंडर समुदाय के कई लोगों को आधिकारिक सरकारी पहचान पत्र न होने के कारण विभिन्न तकनीकी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बिना पहचान पत्र के कोई भी व्यक्ति सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं उठा सकता। इन व्यक्तियों को शिक्षा, योजना और सरकारी भागीदारी सहित सभी स्तरों पर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। दस्तावेजी रिकार्ड के अभाव के कारण सरकारी पहचान पत्र बनाने में कठिनाइयां आती हैं।



इसलिए, ट्रांसजेंडर लोगों को राहत प्रदान करने के लिए उन्हें पहचान प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के लिए कुछ दिनों से प्रयास चल रहे हैं। अंत में, उल्हासनगर के एसएसटी कॉलेज के सभागार में आयोजित एक भव्य समारोह में पहचान प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

कई ट्रांसजेंडर व्यक्तियों की आंखों में खुशी के आंसू छलक आए जब उन्होंने अपना पहचान प्रमाण पत्र लिया। कई लोगों को इन पहचान पत्रों को प्राप्त करने के लिए वर्षों तक इंतजार करना पड़ा। इसलिए, उनके लिए आधिकारिक सरकारी मान्यता प्राप्त करना एक भावनात्मक और ऐतिहासिक क्षण था। यह प्रमाणपत्र ट्रांसजेंडर समुदाय के व्यक्तियों को शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य देखभाल और विभिन्न सरकारी योजनाओं से सीधे लाभान्वित करने में सक्षम बनाएगा। इस अवसर पर न केवल सम्मान बल्कि उनके द्वारा पूर्ण किए गए कौशल प्रशिक्षण के प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। यह प्रमाणपत्र इन व्यक्तियों को आत्मनिर्भर बनने में सशक्त करेगा।

इस अवसर पर एसएसटी कॉलेज के संस्थापक प्राचार्य डॉ. जे। सी। पुरसवानी, उल्हासनगर महानगरपालिका के अतिरिक्त आयुक्त डॉ. किशोर गवस, सहायक आयुक्त मयूरी कदम, समाज कल्याण विभाग अधिकारी सचिन पालखे, ग्लोबल राइट्स फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. योगा नांबियार, सामाजिक कार्यकर्ता मनीषा मालाबारी, ट्रांसजेंडर समुदाय की नेता गुरु मां शिल्पा पाटिल और गुरु मां मुजरा, राष्ट्रीय सेवा योजना के ठाणे जिला समन्वयक और कॉलेज के उप-प्राचार्य प्रो. जीवन विचार, उप प्राचार्य डॉ. दीपक गावड़े सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# मुरबाड में बार मालिक पर जानलेवा हमला

■ 3 शातिर अपराधियों ने किया हमला

■ फिरौती मांगने बार में घुसे

**कल्याण.** मुरबाड तालुका के सरलगांव में रात के समय गांव के गुंडों ने फिरौती मांगने के इरादे से एक बार मालिक पर जानलेवा हमला किया।

17 मार्च की रात को चंदू बरकू हरड़ मुरबाड तालुका के सरलगांव में स्थित साई दरबार बार में आया और काउंटर पर पैसे मांगे। जब बार मालिक ने विरोध किया तो चंदू हरड़ ने मोहन (रफीक) कराले और नितिन मलिक के साथ मिलकर बार में घुसकर बार मालिक महेंद्र हरड़ की हत्या करने की कोशिश की। इन तीनों आरोपियों में से चंदू हरड़ एक कुख्यात अपराधी है और उसके खिलाफ कई थानों में बिना लाइसेंस के हथियार रखने, गिरोह बनाकर महिला कार्यकर्ता की कार रुकवाने और लूटपाट करने के साथ ही कई अन्य अपराध और शिकायतें दर्ज हैं। अब इलाके से मांग उठ रही है कि उसके खिलाफ संगठित अपराध (एमओसीसीए) अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाए।

# अंबरनाथ में पानी के लिए हाहाकार

■ शिवगंगा नगरवासी अनशन पर बैठे

■ मजीप्रा की मनमानी से जलसंकट

यूसुफ शेख



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ शहर जलसंकट से जूझ रहा है. इस भयंकर गरमी में लोग बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं. शहर पश्चिम और पूर्व के कई परिसर में शहरवासियों को दो-दो दिन तक जलापूर्ति नहीं की जा रही है. शहरवासी आंदोलन पर उतारू हो गए हैं. जलापूर्ति विभाग आंदोलनकारियों को बार-बार ये वादा करके अब से रोजाना पानी मिलेगा, दो दिनों तक ठीक से पानी देकर तीसरे दिन से फिर से पानी आना बंद हो जाता है.

मजीप्रा के अधिकारी एकदम ढीठ हो गए हैं. मजीप्रा के नियोजन शून्य कारोबार के कारण पानी के लिए लोग परेशान हैं. उन्हें दो दिन में एक बार केवल 40 मिनट से एक घंटे तक जलापूर्ति की जा रही है. शहर पश्चिम में वुलन चाल, कोहोजगांव, कमलाकर नगर, चिंचपाड़ा, न्यू कालोनी में शहर पूर्व में शिवगंगा नगर, हल्याचा पाड़ा ऐसे कई परिसर में जलसंकट से लोग जूझ रहे हैं. शिवगंगा नगर वासियों ने पूर्व नगरसेवक रविंद्र पाटिल के नेतृत्व में मजीप्रा कार्यालय के समक्ष पानी नहीं मिलने के कारण अनशन पर बैठ गए हैं.

रविंद्र पाटिल का कहना है कि गत 15 दिनों से इस गर्मी में पानी की भयंकर समस्या है. रोजाना परिसर के रहिवासी 30 टैंकर पानी मंगा रहे हैं, जिस पर लाखों रुपए लोगों के खर्च हो रहे हैं. उन्होंने मजीप्रा के नियोजन शून्य कारोबार का निषेध व्यक्त किया है. विधायक डॉ. बालाजी किणीकर की भी कोई अधिकारी सुनता नहीं है. मजीप्रा मनमानी पर उतारू हो गया है. डैम में पानी भरपूर है, लेकिन मजीप्रा लोगों को बूंद-बूंद पानी के लिए तरसा रहा है.

# अंबरनाथ पुलिस अधिकारी को ही पुलिस से न्याय नहीं मिला

■ पुत्र की आत्महत्या के बाद शिवाजी नगर पुलिस की जांच में ढिलाई

■ 9 महिने बीत गए, न्याय नहीं मिला

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पूर्व राधेगोविंद नगर में रहनेवाले पुलिस निरीक्षक प्रदीप पाटिल के इकलौते पुत्र कल्पेश ने अपनी घर में आत्महत्या की थी. इस घटना के बारे में प्रदीप पाटिल ने उनके बेटे के कुछ दोस्तों के नाम शिवाजी नगर पुलिस को दिए थे और शक जताया था कि इनके ही कारण उनके पुत्र ने 9 जून को अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या की है. 9 महिने बीत जाने के बाद भी एक पुलिस अधिकारी को उनके ही विभाग से न्याय नहीं मिल रहा है. प्रदीप पाटिल बदलापुर पश्चिम पुलिस स्टेशन में कार्यरत हैं. उनके 28 वर्षीय इकलौते पुत्र कल्पेश जो कि चार्टर्ड एकाउंटेंट की शिक्षा ले रहा था, लेकिन कम समय में ज्यादा पैसा कमाने के चक्कर में कल्पेश ने अपने दोस्तों से 20 लाख रुपए लेकर शेयर बाजार में लगा दाए. लेकिन शेयर बाजार में उसके पैसे डूब गए. दोस्तों ने कल्पेश को पैसे मांग-मांग कर परेशान कर दिया था. ये मामला पाटिल को मालूम पड़ा तो उन्होंने 2 लाख रुपए दोस्तों को दिए लेकिन दोस्तों की पैसों के बारे में तकरार कायम रही. आखिर तंग आकर 9 जून को कल्पेश ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. शिवाजी नगर पुलिस ने आत्महत्या का मामला दर्ज करके जांच शुरू की, लेकिन कल्पेश की मां ने बताया कि उन्होंने कल्पेश के दोस्तों अभिजीत खंडागले, नितिन सोनावणे, आदिश शिंदे, पंकज चोलेकर, धनंजय शुक्ल के नाम देकर मांग की है कि इनके ही कारण उनके पुत्र ने आत्महत्या की है. उन पर अपराध दर्ज किया जाए, लेकिन मैं पुलिस होने के बावजूद पुलिस विभाग मेरी सुनवाई नहीं कर रहा है. ऐसा आरोप पीड़ित पुलिस निरीक्षक पाटिल ने लगाया है.



# बदलापुर बिजली विभाग में बिजली की बरबादी

**बदलापुर.** बदलापुर पूर्व स्थित महावितरण कार्यालय में बिजली की बर्बादी होने की बात सामने आई है। अधिकारियों की अनुपस्थिति में कार्यालय में हमेशा पंखा व अन्य बिजली सामान चालू रहता है। अधिकारी किसी काम से बाहर रहते हैं लेकिन वह पंखा बंद करना भूल गया। राज्य में गर्मी का प्रकोप बढ़ गया है, वहीं बिजली की मांग भी बढ़ गई है। बदलापुर के नागरिकों को बार-बार बिजली कटौती की पीड़ा सहनी पड़ती है तो दूसरी ओर, बदलापुर महावितरण कार्यालय में ही बिजली की बर्बादी हो रही है जिस पर नागरिक अपना गुस्सा जाहिर कर रहे हैं।

# टिटवाला बनेली, वैष्णव देवी और बालाजी मंदिर के पास 61 अवैध निर्माण ध्वस्त

**कल्याण.** कल्याण-डोंबिवली महानगर पालिका के ए वार्ड के तोड़फोड़ विभाग ने टिटवाला, बनेली, वैष्णव देवी माता मंदिर, बालाजी मंदिर क्षेत्र में पुराने फुटपाथ और इस क्षेत्र में आवास परिसरों में सड़कों को अवरुद्ध करके बनाए गए 61 अवैध निर्माणों को जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर दिया। क्षेत्र के आवासीय परिसरों के निवासियों ने इस कार्रवाई पर संतोष व्यक्त किया।

बनेली, बाल्यानी, वैष्णव देवी माता मंदिर, बालाजी मंदिर क्षेत्रों में कई आवास परिसर हैं। भू-माफियाओं ने अवैध चॉल बनाने के लिए इन आवासीय परिसरों तक पहुंचने वाले मार्ग पर 61 से अधिक अवैध संरचनाएं खड़ी कर दी थीं। इस निर्माण कार्य के कारण क्षेत्र के निवासियों को वैकल्पिक मार्गों से अपने वाहन ले जाने के लिए बाध्य होना पड़ रहा था. वार्ड ए के सहायक आयुक्त प्रमोद पाटिल को सूचना मिली कि बालाजी मंदिर और वैष्णव देवी मंदिर क्षेत्र में भू-माफियाओं ने अवैध निर्माण कर लिया है। इन अवैध निर्माणों की पुष्टि होने के बाद सहायक आयुक्त पाटिल ने एक तोड़फोड़ दल लेकर जेसीबी की मदद से 61 अवैध निर्माणों को ध्वस्त कर दिया। पिछले डेढ़ महीने से सहायक आयुक्त पाटिल आयुक्त डॉ. इंदुरानी जाखड़ के आदेश पर अवैध निर्माणों के खिलाफ तोड़फोड़ अभियान शुरू किया गया है। अब तक तोड़फोड़ दल ने करीब दो हजार अवैध चालों और व्यावसायिक संरचनाओं को ध्वस्त कर दिया है।



इस लगातार कार्रवाई के कारण टिटवाला, मांडा और बलियानी इलाकों में अवैध निर्माण पर पूरी तरह रोक लग गई है। ए वार्ड क्षेत्र में कहीं भी कोई भी नया अवैध निर्माण या निर्माणाधीन अवैध निर्माण को ए वार्ड द्वारा तत्काल ध्वस्त किया जा रहा है।

# उल्हासनगर परिवहन के बेड़े में शामिल होंगी 100 बसें

■ यात्रियों को मिलेगी गतिमान सेवा

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर शहर की सड़कों पर दौड़ने वाली बस के पहिए 10 साल से थमे हुए थे; लेकिन फिर, 2024 में शुरू होने वाली उस गतिशील सेवा को अब एक साल पूरा हो गया है। नवनियुक्त आयुक्त मनीषा आव्हाले ने इस सेवा को और अधिक गति देने का संकल्प व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री योजना के माध्यम से अधिक धनराशि प्राप्त कर 100 बसें और अत्याधुनिक बस स्टेशन बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। इसलिए भविष्य में इस सेवा का विस्तार ठाणे जिले सहित अन्य क्षेत्रों में भी किया जाएगा। यात्रियों के लिए सस्ती, वातानुकूलित और गैर-वातानुकूलित बस सेवा शुरू होने से हजारों नागरिकों को बड़ी राहत मिली है।





12 मार्च 2024 को शुरू होने वाली इस सेवा की एक वर्ष की वर्षगांठ बड़े उत्साह के साथ मनाई गई। उल्हासनगर में परिवहन सेवाएं 2014 से निलंबित थीं। इसलिए स्थानीय नागरिकों को रिक्शा या निजी कारों पर निर्भर रहना पड़ता था। अक्सर बस सेवाओं को पुनर्जीवित करने की निविदा प्रक्रिया में देरी हुई। हालांकि, तत्कालीन मनपा आयुक्त अजीज शेख और वाहन विभाग प्रमुख विनोद केने के प्रयासों से यह सेवा 12 मार्च 2024 को शुरू की गई थी। परिणामस्वरूप, उल्हासनगर, अंबरनाथ, शहाड, बदलापुर और कल्याण शहरों को जोड़ने वाली परिवहन सेवाएं बहाल हो गईं।

इस बस सेवा के लिए राष्ट्रीय वायु शोधन परियोजना के तहत पांच 12 मीटर वातानुकूलित बसें और 10 नौ मीटर गैर वातानुकूलित बसें बेड़े में शामिल की गईं। दिलचस्प बात यह है कि ये बसें पूरी तरह से इलेक्ट्रिक चार्जिंग पर चलती हैं। इसके कारण प्रदूषण की समस्या में उल्लेखनीय कमी आई है।

वर्तमान में, बस सेवा ट्रांसवोल्ट उल्हासनगर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संचालित की जाती है। लिमिटेड यह कार्य कंपनी के माध्यम से किया जा रहा है। कंपनी के गौरव वेदक, शशिकांत वडनेरे, तुषार महाले, दीपा तिवारी, निशांत घाडगे-पाटिल, रवीना कांबले, आशीष कदम, श्रीधर खोत सहित अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने वर्षगांठ मनाई।

### उल्हासनगर से बदलापुर तक चल रही एसी बस

वर्तमान में उल्हासनगर से बदलापुर तक की यात्रा वातानुकूलित बस में मात्र 30 रुपये में की जा सकती है, तथा गैर-वातानुकूलित बस में यह यात्रा और भी सस्ती है। इससे यह सुविधा श्रमिकों, विद्यार्थियों और रोजाना यात्रा करने वाले नागरिकों के लिए वरदान बन गई है। परिवहन सेवाओं से यातायात की भीड़भाड़ कम करने में मदद मिली है। वर्तमान में, 40 चालक और 40 वाहक यात्रियों की सेवा के लिए काम कर रहे हैं। प्रतिदिन पांच राउंड आयोजित किए जा रहे हैं तथा यह संख्या जल्द ही बढ़ने की संभावना है।

जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि

उल्हास विकास — मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगढ़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## अंतरिक्ष में किए कई अनुसंधान और प्रयोग

अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर की सुरक्षित वापसी वैज्ञानिक उपलब्धि है ही, इससे भावी अंतरिक्ष अभियानों के लिए नई संभावनाएं और नई राहें खुलने की उम्मीद है। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र में नौ महीने रहने के दौरान सुनीता ने न तो अपना हौसला खोया और न ही अपना समय गंवाया। पूरे आत्मविश्वास के साथ वहां वे कार्य करती रहीं। किसी न किसी दिन उन्हें लौटना है, इस विश्वास के साथ सदैव सकारात्मक रहीं।

एक बार तो उन्होंने कहा भी कि किसी को चिंता करने की जरूरत नहीं है। वैसे भी वैज्ञानिक और अंतरिक्ष यात्री सभी जोखिमों के लिए तैयार रहते हैं। जाहिर है कि सुनीता भी इसके लिए तैयार थीं। वे अंतरिक्ष में परीक्षण उड़ान पर गई थीं। आठ दिन बाद उन्हें लौटना था। तब यह नहीं पता था कि वापसी के समय स्टारलाइनर में तकनीकी खराबी आ जाएगी।

### नौ महीने अंतरिक्ष में रहने का बनाया कीर्तिमान

अंतरिक्ष केंद्र में रहने के दौरान न केवल उन्होंने अपना अध्ययन जारी रखा, बल्कि कई अनुसंधान और प्रयोग भी किए। नौ महीने अंतरिक्ष में रहने का कीर्तिमान भी बनाया। इस बीच अंतरिक्ष यात्रियों को लाने के लिए नासा ने पूरी ताकत लगा दी थी। तकनीकी दिक्कतें इतनी थीं कि अभियान अधूरा होता लग रहा था। मगर स्पेसएक्स के ड्रैगन कैप्सूल की मदद से सुनीता और बुच विल्मोर के साथ निक हेग और अलेक्जेंडर गोरबुनोव को भी फ्लोरिडा के तट पर उतार लिया गया। यह पहली बार है जब कोई अंतरिक्ष मिशन इतना लंबा खिंचा। जून 2024 में बोइंग के स्टारलाइनर से दोनों अंतरिक्ष यात्री गए थे। वहां अटक जाने के बाद सुनीता और विल्मोर अंतरिक्ष केंद्र के पूर्णकालिक सदस्य की तरह हो गए थे। इस दौरान सुनीता ने कई कीर्तिमान अपने नाम किए। अंतरिक्ष में फंसे रहने पर उन्होंने कभी कोई शिकायत नहीं की। मगर इस दौरान उनसे भावनात्मक रूप से जुड़े रहे करोड़ों लोग उनकी कुशलता के लिए प्रार्थना करते रहे। अब उनके लौट आने के बाद वैज्ञानिक अंतरिक्ष में लंबे समय तक रहने के प्रभावों का गहन अध्ययन कर सकेंगे। भविष्य में मंगल और चांद पर जाने और वहां मनुष्यों के रहने की संभावनाएं तलाशी जा सकेंगी। आखिरकार नए अनुभवों से साक्षात्कार का ही नाम विज्ञान है।

# औरंगजेब जैसे क्रूर शासक को महान बताना मानसिक दिवालियापन

हाल में महाराष्ट्र के सपा विधायक अबू आजमी ने मुगल शासक औरंगजेब की महानता का बखान करते हुए उसका गुणगान किया। विरोध के बाद उन्होंने अपना बयान वापस ले लिया, लेकिन उससे देश की राजनीति में उबाल आ गया और नागपुर में तो हिंसा भी हो गई, जिसमें कई पुलिसकर्मी भी घायल हुए।

देश का आम जनमानस औरंगजेब को बर्बर ही मानता है, लेकिन कुछ मुट्ठी भर लोग उसे दयालु और महान शासक बताने में लगे रहते हैं। किसी शासक को महान या क्रूर बताने से पहले हमें उसके व्यक्तित्व, उसके शासनकाल में अपनाई गई नीतियों और उसने अपनी प्रजा से किस प्रकार व्यवहार किया आदि के बारे में जानकारी होनी चाहिए।

औरंगजेब का आकलन तथ्यों पर कम और सुनी-सुनाई बातों और धार्मिक पूर्वाग्रहों पर अधिक होता है। इस क्रम में कई बार उसके ही दरबारी की ओर से लिखी गई बातों की भी अनदेखी कर दी जाती है। किसी राजा को महान तभी कहा गया, जब उसने अपनी प्रजा की भलाई के लिए कार्य किया, जिसके शासन में प्रजा पर करों का बोझ कम से कम रहा हो और धार्मिक-भेदभाव न किया गया हो तथा साहित्य, कला, व्यापार, विज्ञान एवं अन्य क्षेत्रों में राज्य ने चहुंमुखी प्रगति की हो।

कुछ तत्कालीन मुस्लिम इतिहासकारों ने औरंजगेब की कट्टरता के कारण ही उसे आदर्श समझकर उसका महिमामंडन किया और 'जिंदा-पीर' की उपाधि दी। बाद के कुछ इतिहासकारों ने भी इसी आधार पर उसका महिमामंडन



किया, जो तथ्यों से मेल नहीं खाता। क्या उसे सिर्फ इसलिए महान कहना चाहिए कि उसने भारतीय उपमहाद्वीप के बड़े भू-भाग पर राज किया? बड़ा राज्य शासक की महानता का प्रमाण नहीं है।

औरंगजेब ने जिस प्रकार गद्दी प्राप्त की, उस पर ज्यादा कुछ कहने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि तब उत्तराधिकार अन्य दावेदारों या शासक का कत्ल करके ही हासिल किया जाता था। औरंगजेब ने अपने पिता शाहजहां के जीवित रहते ही गद्दी पाने के लिए अपने भाइयों से युद्ध लड़ा। उसने अपने भाई दारा शिकोह को यह झूठा आरोप लगाकर मारा कि उसने इस्लाम के विरुद्ध कार्य किया है।

उसने दारा को निर्ममता से मारा और उसका सिर कलम कर पिता शाहजहां को तश्तरी में पेश किया। क्या इसे हद दर्जे की क्रूरता नहीं कहा जाएगा? उसने दारा के पुत्र सुलेमान और अपने भाई मुराद को भी धोखे से मरवाया। उसने अपने पिता शाहजहां को पानी के लिए तड़पाया और मरते दम तक कैदखाने में रखा। शाहजहां के जनाजे में भी शामिल नहीं हुआ। उसके डर से अन्य दरबारी भी जनाजे में शामिल न हो सके। शाहजहां को मामूली नौकरों और किन्नरों द्वारा दफनाया गया।

जो यह साबित करना चाहते हैं कि औरंगजेब ने हिंदुओं को भी नौकरी दी, तो उन्हें यह जानना चाहिए कि इसके पीछे उसकी राजनीतिक मजबूरी थी, क्योंकि शिवाजी तथा उनके वंशजों को वश में करने के लिए वह उन सभी हिंदू सरदारों को अपनी सेना में भर्ती कर उन्हें जागीरें देता गया, जो उनके विरोधी थे। दो-तीन जागीरदारों को छोड़कर अन्य हिंदू जागीरदार औरंगजेब के दरबार में उच्च-पदों पर नहीं थे।

औरंजगेब ने यही कोशिश की कि हिंदुओं को प्रशासन में कम से कम अवसर दिए जाएं। इसके लिए उसने राजस्व-विभाग में लगे हिंदुओं को नौकरियों से हटाने का कार्य किया, किंतु जब लगान वसूलने का कार्य संभव नहीं हो सका, तब उसने हिंदुओं को पुनः नियुक्तियां दीं। विद्रोह सभी शासकों के काल में होते रहे हैं, किंतु औरंगजेब के सनक भरे तौर-तरीकों के चलते उसके काल में विद्रोहों की झड़ी लग गई थी। उसके खिलाफ राजपूतों, जाटों, बुंदेलों, सिखों, शियों एवं संन्यासियों के विद्रोह देखने को मिलते रहे। उसे सबसे अधिक नुकसान मराठों ने पहुंचाया। वह उनसे पार नहीं पा सका। अकबर ने गैर-मुस्लिमों से जिस जबरिया उगाही 'जजिया' पर रोक लगाई थी, औरंगजेब ने उसे फिर से शुरू किया। लगभग उसी समय उसने हिंदू व्यापारियों पर लगाए जाने वाले कर को भी दोगुना कर दिया और मुस्लिम व्यापारियों से लिया जाने वाला कर पूर्णतः समाप्त कर दिया। जिस तरह उसने बनारस के विश्वनाथ मंदिर, मथुरा के केशवदास मंदिर, सोमनाथ मंदिर के अतिरिक्त सैकड़ों मंदिरों को तुड़वाया, वह उसके मतांध होने का प्रमाण है।





एक शांतिपूर्ण विश्व की स्थापना की शुरुआत पहले नींव के पत्थर से होती है - हम से।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# युद्ध विराम को लेकर रूस ने रखी शर्तें



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप किसी भी हाल में रूस-यूक्रेन संघर्ष रोकने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कई बार दावा भी कर चुके हैं कि वे यह युद्ध जल्दी ही समाप्त करा देंगे। इस सिलसिले में उन्होंने पहले यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से बातचीत की, उन्हें चेतावनी भी दी और फिर यूक्रेन को दी जाने वाली सैन्य और वित्तीय मदद पर रोक लगा दी। यूक्रेन एक तरह से असहाय नजर आने लगा है। अब ट्रंप ने इस मुद्दे पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन से फोन पर बातचीत की और पूरी तरह युद्ध रोकने का प्रस्ताव रखा। मगर रूस ने भी इसके लिए अपनी कुछ शर्तें रख दी हैं। उसका कहना है कि अमेरिका और उसके सहयोगियों को इसके लिए सैन्य और खुफिया सूचनाएं उपलब्ध कराना पूरी तरह बंद करना होगा। हालांकि पुतिन इस बात के लिए राजी हो गए कि रूस तीस दिनों तक यूक्रेन के ऊर्जा ठिकानों पर हमला नहीं करेगा। अमेरिकी प्रशासन इसे ट्रंप की बड़ी उपलब्धि बता रहा है। जबकि माना जा रहा था कि यूक्रेनी राष्ट्रपति को जिस तरह ट्रंप ने फटकार लगाई और यूक्रेन पर शिकंजा कसा है, उससे रूस बहुत आसानी से ट्रंप के प्रस्ताव को स्वीकार कर लेगा। मगर ऐसा हो न सका।

### नाटो की सदस्यता लेना चाहता है यूक्रेन

दोनों नेताओं के बीच हुई इस लंबी बातचीत को एक बड़ी उपलब्धि इस अर्थ में माना जा सकता है कि पिछले तीन वर्षों से पश्चिमी देशों से बिल्कुल अलग-थलग पड़े रहे और उसके पहले तनावपूर्ण रिश्तों के बाद रूस की उनसे सीधी बातचीत संभव हो सकी है। मगर पुतिन मंजे हुए राजनेता हैं और वे ऐसे मामलों में बिल्कुल हड़बड़ी नहीं दिखाते। वे उस तरह अमेरिका के किसी दबाव में भी नहीं हैं, जिस तरह यूक्रेनी राष्ट्रपति हैं। फिर, उन्हें इस बात का भरोसा नहीं है कि अमेरिका कब तक अपने ताजा रुख पर कायम रह सकेगा। इसलिए वे जल्दबाजी में किसी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं करना चाहते।

यूक्रेन के साथ रूस का संघर्ष ही इस बात को लेकर है कि यूक्रेन नाटो की सदस्यता लेना चाहता है। नाटो पश्चिमी देशों का संगठन है और यूक्रेन अब भी उस पाले में शामिल रहने की जिद पर है। इसलिए जब ट्रंप ने अमेरिकी मदद बंद करने की घोषणा की, तो यूक्रेन ने अन्य पश्चिमी देशों से मदद पाने की कोशिश शुरू कर दी। वे अब भी यूक्रेन के साथ खड़े हैं। इसलिए रूस ने यूक्रेन की जड़ों पर प्रहार करने की शर्त रख दी है।

### रूस के सामने अमेरिका का समर्पण करने जैसा होगा

हालांकि माना जा रहा है कि ट्रंप की पुतिन से बातचीत युद्ध विराम की दिशा में पहला कदम है और इसके बेहतर नतीजे निकलेंगे। मगर अमेरिका के लिए रूस की शर्तों को मानना आसान नहीं होगा। वह नाटो के दूसरे सदस्य देशों पर कैसे दबाव बना सकता है कि वे यूक्रेन को सैन्य और खुफियां जानकारियां उपलब्ध कराने पर पूरी तरह रोक लगा दें। यह एक तरह से रूस के सामने समर्पण करने जैसा होगा।

यह ट्रंप भी शायद नहीं करना चाहेंगे। दरअसल, ट्रंप की नजर यूक्रेन के खनिज संपन्न इलाकों पर है और वे उन पर कब्जा करना चाहते हैं। रूस उन क्षेत्रों में अमेरिका की पैठ पर सहमति दे चुका है, पर इसके लिए युद्ध विराम जरूरी है। ट्रंप इसके लिए क्या रास्ता निकालते हैं, देखने की बात है। इस संघर्ष में काफी खून बह चुका, बहुत कुछ तबाह हो चुका है, मानवता के लिए भी इस युद्ध को रोका जाना जरूरी है।

# 66 साल के मुन्नालाल और 57 की परमिला लेंगे सात फेरे

**जरा हट के**

भारत: यूपी में आगरा के रामलाल वृद्धाश्रम से एक अनोखा मामला सामने आया है. यहां 66 वर्षीय मुन्नालाल और 57 वर्षीय परमिला शादी के पवित्र बंधन में बंधने जा रहे हैं. उनकी शादी का गवाह पूरा वृद्धाश्रम बनेगा. जहां इस खुशी में हर कोई झूम रहा है. इसके साथ ही इस मामले की हर जगह चर्चा हो रही है.

इस अनोखी शादी की तैयारियां जोरों पर हैं. आश्रम में हल्दी, मेंहदी और अन्य रस्में धूमधाम से मनाई जा रही है. गुरुवार दोपहर 1 बजे दोनों फेरे लेंगे और आश्रम के 321 बुजुर्ग इस अनोखी शादी के साक्षी बनेंगे. सभी बुजुर्ग बराती बनने के लिए उत्साहित हैं और परिवार की भूमिका निभा रहे हैं.

### 6 महीने पहले हुई थी पहली मुलाकात

मुन्नालाल और प्रमिला की मुलाकात 6 महीने पहले



वृद्धाश्रम में हुई थी. धीरे-धीरे दोनों के बीच दोस्ती हुई और एक-दूसरे का सहारा बनने का फैसला लिया. मुन्नालाल ने आश्रम के संचालक शिव प्रसाद शर्मा को पत्र लिखकर शादी की इच्छा जताई. परमिला के पति का देहांत हो चुका है और उनके बच्चे उन्हें वृद्धाश्रम में छोड़ गए. वहीं, मुन्नालाल भी अपनी 90 वर्षीय मां के साथ आश्रम में रहते हैं, क्योंकि उनके परिवार ने उन्हें घर से निकाल दिया था. मुन्नालाल की 90 वर्षीय मां ने भी इस रिश्ते को आशीर्वाद दिया है. आश्रम में यह पहली शादी होगी, जिससे बुजुर्गों में उत्साह है. महिलाएं शादी की तैयारियों में जुटी हैं और माहौल किसी परिवार के बड़े आयोजन जैसा लग रहा है.

### अनोखी शादी बनी प्रेरणा

यह शादी उन बुजुर्गों के लिए एक मिसाल बनेगी, जो अकेलेपन से जूझ रहे हैं. प्रेम और अपनापन उम्र का मोहताज नहीं होता है. यह संदेश इस विवाह के जरिए समाज तक पहुंचेगा. आश्रम के बुजुर्गों का कहना है कि अगर परिवार हमें छोड़ सकता है, तो हम अपना नया परिवार खुद क्यों नहीं बना सकते? इस अनोखे विवाह समारोह के गवाह बनने के लिए कई सामाजिक संस्थाएं और गणमान्य लोग भी पहुंच रहे हैं.

# आलू का नान

आलू का नान एक बेहद स्वादिष्ट डिश है, जो न केवल स्वाद में बेहतरीन होता है, बल्कि इसे बनाना भी काफी आसान है। इसे नॉर्थ इंडियन प्लेट में लंच या डिनर के लिए खूब पसंद किया जाता है। दाल मखनी या शाही पनीर के साथ यह खाने में और भी अच्छा लगता है। यह न केवल पेट भरने वाला होता है, बल्कि इसे बनाने में कम समय भी लगता है। आइए जानते हैं कि आलू का नान कैसे बनाया जाता है।




**सामग्री :**

- 2 कप मैदा
- 2 मध्यम आकार के आलू
- 1 छोटा चम्मच नमक
- 1 छोटा चम्मच जीरा
- 1 छोटा चम्मच अजवाइन
- 1 छोटा चम्मच लाल मिर्च पाउडर
- 1 छोटा चम्मच धनिया पाउडर
- 1 छोटा चम्मच गरम मसाला
- 2 बड़े चम्मच तेल
- पानी (जरूरत के अनुसार)
- घी या मक्खन (चिकनाई के लिए)

**विधि :**

सबसे पहले एक बड़े कटोरे में मैदा लें। इसमें नमक, जीरा, अजवाइन, और 1 बड़ा चम्मच तेल डालें। अब धीरे-धीरे पानी डालकर आटा गूंथें। तब तक गूंथें जबतक



आटा मुलायम न जाए। आटे को एक तरफ रखकर 15-20 मिनट के लिए ढककर रख दें। अब आलू को उबालकर छील लें और उन्हें अच्छी तरह मैश कर लें। मैश किए हुए आलू में नमक, लाल मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर, गरम मसाला डालकर अच्छी तरह मिलाएं। अब इन्हें भी एक तरफ रख दें। अब आटे को छोटे-छोटे गोलों में बांट लें। हर गोले को बेलकर एक छोटी रोटी की तरह बना लें। इस रोटी के बीच में आलू की भराई डालें और किनारों को बंद कर दें। अब इस गोले को फिर से बेलकर एक मोटी रोटी बना लें। ध्यान रखें कि भराई बाहर न निकले। एक तवा गर्म करें और उस पर नान को रखें। नान के ऊपर घी या मक्खन लगाएं और इसे दोनों तरफ से सुनहरा भूरा होने तक पकाएं। गर्मागर्म आलू की नान को घी या मक्खन के साथ परोसें। इसे दाल मखनी या पनीर की सब्जी के साथ खा सकते हैं।

# नाखूनों में दिखने वाले बदलाव करते हैं पोषण की कमी का इशारा

नाखून न केवल हमारे हाथों की सुंदरता बढ़ाते हैं, बल्कि ये हमारे स्वास्थ्य के बारे में भी कुछ जरूरी संकेत देते हैं। नाखूनों की स्थिति, रंग और बनावट में होने वाले बदलाव शरीर में पोषण की कमी या अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का संकेत हो सकते हैं। आइए जानते हैं कि नाखूनों में दिखने वाले कौन-से बदलाव पोषण की कमी की ओर इशारा करते हैं।

### नाखूनों से करें पोषण की कमी का पता

**■ नाखूनों का पीला पड़ना**

नाखूनों का पीला पड़ना विटामिन और मिनरल्स की कमी का संकेत हो सकता है। खासकर, विटामिन-ई, बायोटिन और आयरन की कमी से नाखून पीले हो सकते हैं। इसके अलावा, यह लिवर या थायरॉइड से जुड़ी समस्याओं का भी संकेत हो सकता है। अगर आपके नाखून पीले दिखाई दे रहे हैं, तो अपनी डाइट में हरी पत्तेदार सब्जियां, नट्स और अंडे को शामिल करें।

**■ नाखूनों का टूटना या कमजोर होना**

नाखूनों का टूटना या कमजोर होना अक्सर प्रोटीन, कैल्शियम, और जिंक की कमी का संकेत होता है। प्रोटीन नाखूनों की मजबूती के लिए जरूरी है। जबकि, कैल्शियम और जिंक नाखूनों को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। अगर आपके नाखून आसानी से टूट जाते हैं, तो अपनी डाइट में दूध, दही, मछली और बादाम जैसे पोषक तत्वों को शामिल करें।

**■ नाखूनों पर सफेद धब्बे**

नाखूनों पर सफेद धब्बे दिखाई



देना जिंक और कैल्शियम की कमी का संकेत हो सकता है। ये धब्बे अक्सर नाखूनों की बनावट में बदलाव के कारण होते हैं। जिंक की कमी को पूरा करने के लिए आप अपनी डाइट में कद्दू के बीज, मसूर की दाल और मीट को शामिल कर सकते हैं।

**■ नाखूनों का धीमी गति से बढ़ना**

नाखूनों का धीमी गति से बढ़ना विटामिन-बी कॉम्प्लेक्स और आयरन की कमी का संकेत हो सकता है। विटामिन-बी नाखूनों के विकास के लिए जरूरी है। जबकि, आयरन शरीर में ऑक्सीजन के फ्लो को बनाए रखता है। अगर आपके नाखून धीमी गति से बढ़ रहे हैं, तो अपनी डाइट में हरी सब्जियां, अंडे, और साबुत अनाज को शामिल करें।

**■ नाखूनों का चम्मच के आकार का होना**

नाखूनों का चम्मच के आकार का होना, जिसे ₹कोइलोनिचिया₹ कहा जाता है, आयरन की कमी का एक गंभीर संकेत हो सकता है। इस स्थिति में नाखून अंदर की ओर मुड़ जाते हैं और चम्मच की तरह दिखाई देते हैं। यह समस्या अक्सर एनीमिया से पीड़ित लोगों में देखी जाती है। आयरन की कमी को पूरा करने के लिए पालक, चुकंदर, और मीट को डाइट में शामिल करें।

**■ नाखूनों पर गड्ढे या खुरदरापन**

नाखूनों पर गड्ढे या खुरदरापन दिखाई देना जिंक और विटामिन-सी की कमी का संकेत हो सकता है। यह समस्या अक्सर सोरायसिस या एक्जिमा जैसी त्वचा संबंधी बीमारियों के साथ जुड़ी होती है। विटामिन-सी और जिंक की कमी को पूरा करने के लिए संतरे, नींबू और बीजों को डाइट में शामिल करें।

**■ नाखूनों का नीला पड़ना**

नाखूनों का नीला पड़ना शरीर में ऑक्सीजन की कमी का संकेत हो सकता है, जो अक्सर आयरन की कमी से जुड़ा होता है। यह समस्या एनीमिया या फेफड़ों से जुड़ी बीमारियों का संकेत भी हो सकती है। ऐसे में डॉक्टर से सलाह लेना जरूरी है।

## आज का राशिफल

**मेष :** विद्यार्थी वर्ग सफलता अर्जित करेगा। पठन-पाठन में मन लगेगा। दूर यात्रा की योजना बन सकती है। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। बेचैनी रहेगी।

**वृषभ :** वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी के व्यवहार से क्लेश हो सकता है। पुराना रोग उभर सकता है। दुःखद समाचार मिल सकता है, धैर्य रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। प्रतिद्वंद्विता बढ़ेगी। पारिवारिक चिंता में वृद्धि होगी। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलेगी। तनाव रहेगा।

**मिथुन :** शत्रु नतमस्तक होंगे। विवाद को बढ़ावा न दें। प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आय के स्रोतों में वृद्धि हो सकती है। व्यवसाय ठीक चलेगा। चोट व रोग से बाधा संभव है। फालतू खर्च होगा। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी।

**कर्क :** लेन-देन में सावधानी रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। परिवार में तनाव रह सकता है। शुभ समाचार मिलेंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार के साथ मनोरंजन का कार्यक्रम बन सकता है।

**सिंह :** रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। कोई बड़ी समस्या से छुटकारा मिल सकता है। आय में वृद्धि होगी। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी।

**कन्या :** अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। किसी विवाद में उलझ सकते हैं। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जोखिम न उठाएं। घर-बाहर असहयोग मिलेगा। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। आय में कमी हो सकती है।

**तुला :** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। व्यापार-व्यवसाय में लाभ होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। बेचैनी रहेगी। थकान महसूस होगी।

**वृश्चिक :** नई आर्थिक नीति बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। कारोबारी अनुबंधों में वृद्धि हो सकती है। समय का लाभ लें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। कानूनी बाधा आ सकती है।

**धनु :** बेचैनी रहेगी। चोट व रोग से बचें। काम का विरोध होगा। तनाव रहेगा। कोर्ट व कचहरी के काम अनुकूल होंगे। पूजा-पाठ में मन लगेगा। तीर्थयात्रा की योजना बनेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। सुख के साधनों पर व्यय हो सकता है। प्रमाद न करें।

**मकर :** स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद से क्लेश संभव है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। अपेक्षित कार्यों में अप्रत्याशित बाधा आ सकती है। तनाव रहेगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें।

**कुंभ :** कष्ट, भय, चिंता व बेचैनी का वातावरण बन सकता है। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। मातहतों से संबंध सुधरेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च हो सकता है।

**मीन :** आज माता का स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। भूमि, भवन, दुकान व फैक्टरी आदि के खरीदने की योजना बनेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। अपरिचितों पर अतिविश्वास न करें। प्रमाद न करें। कुबुद्धि हावी रहेगी। गलत हरकतों से बचें।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# कलौंजी तेल के फायदे कर देंगे हैरान

कलौंजी भले ही दिखने में एक छोटा सा बीज होती है। लेकिन इसके फायदे बहुत बड़े हैं। अगर सुबह आप खाली पेट कलौंजी के एक चुटकी बीज पानी के साथ खा लें तो यह आपकी सेहत के लिए काफी रामबाण है। यह तो हो गई कलौंजी के बीज खाने की बात अब हम आपको कलौंजी के तेल के फायदों के बारे में बता रहे हैं। कलौंजी के तेल के भी काफी फायदे हैं। कलौंजी का तेल आपको कई मामलों में राहत देता है।

### 1. दर्द को करता है खत्म

कलौंजी का तेल दर्द निवारक गुणों से भरपूर होता है, जो मांसपेशियों और जोड़ों के दर्द को कम करने में मदद करता है। अगर आप दर्द वाली जगह कलौंजी के तेल की मालिश कर लें तो यह आपको दर्द से राहत दिलाने में अहम भूमिका निभाता है। इस तेल को गुनगुना करके भी दर्द वाली जगह पर लगाया जा सकता है।

### 2. एलर्जी और अस्थमा में राहत

कलौंजी का तेल एलर्जी और अस्थमा के मरीजों के लिए तो रामबाण है। कलौंजी का तेल एलर्जी और अस्थमा के लक्षणों को कम करने में मदद करता है। यह श्वसन तंत्र को शांत करने और



सूजन को कम करने में काफी मदद करता है। इस तेल की दो बूंदें आप सुबह शाम पी सकते हैं।

### 3. स्किन के लिए फायदेमंद

कलौंजी का तेल स्किन केयर के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है। यह स्किन को मॉइस्चराइज़ करने, सूजन को कम करने और स्किन के दाग-धब्बों को दूर करने में मदद करता है। रोज रात को सोते समय इस तेल को आप स्किन में अप्लाई कर सकते हैं।

### 4. बालों के लिए बेजोड़

अगर किसी के बाल सफेद हो रहे हैं तो कलौंजी का तेल उनके लिए बहुत उपयोगी है। कलौंजी का तेल बालों के लिए बहुत फायदेमंद होता है। यह बालों को मजबूत बनाने, बालों के झड़ने को रोकने और बालों को चमकदार बनाने में मदद करता है।

# पनीर खाएं या टोफू?

**■ तेजी से वेट लॉस के लिए क्या है ज्यादा बेहतर ऑप्शन?**

बात जब भी प्रोटीन की आती है, तो पनीर कई लोगों का पसंदीदा ऑप्शन होता है। हालांकि, इन दिनों टोफू भी काफी चलन में है। ऐसे में आज इस आर्टिकल में हम जानेंगे कि वेट लॉस के लिए पनीर और टोफू में से क्या ज्यादा बेहतर विकल्प साबित हो सकता है।

**■ पनीर या टोफू**

पनीर की तुलना में टोफू में 30% ज्यादा प्रोटीन पाया जाता है, लेकिन कुछ लोगों को टोफू और पनीर में से क्या ज्यादा फायदेमंद है, इस बात की सही जानकारी नहीं है। ऐसे में इस कन्फ्यूजन को खत्म करने के लिए जानते हैं टोफू और पनीर की न्यूट्रिशनल वेल्यू का विवरण-

- टोफू सोय मिल्क से बनाया जाता है और पनीर गाय के दूध से बनाया जाता है।
- हर 100 ग्राम टोफू में 139 कैलोरी की मात्रा पाई जाती है, वहीं 100 ग्राम पनीर में 296 कैलोरी पाई जाती है।
- टोफू में 5 ग्राम फैट और पनीर में 22 ग्राम फैट पाया जाता है।




- टोफू में 8 ग्राम प्रोटीन और पनीर में 18 ग्राम प्रोटीन पाया जाता है।
- टोफू एक प्लांट बेस्ड प्रोटीन का विकल्प है, जिससे वीगन डाइट फॉलो करने वालों के लिए ये एक बेहतरीन विकल्प है। वहीं, पनीर एनिमल बेस्ड प्रोटीन है, जिससे कुछ लोगों को समस्या हो सकती है।

**■ पनीर या टोफू- क्या ज्यादा बेहतर?**

- **फैट और कैलोरी-** इस मामले में टोफू पनीर को मात देता है। टोफू में कम कैलोरी और फैट की मात्रा मौजूद होती है, जिसके कारण वेट मैनेजमेंट के लिए पनीर की तुलना में टोफू एक बेहतर विकल्प है।
- **हार्ट हेल्थ-** टोफू में जेनेस्टिन और डायजीन जैसे फाइटोएस्ट्रोजन पाए जाते हैं, जो LDL (लो डेंसिटी कोलेस्ट्रॉल या बैड कोलेस्ट्रॉल) की मात्रा को कम करता है और हार्ट के फंक्शन में सुधार लाता है।
- **कार्डियोवैस्कुलर का रिस्क-** टोफू के नियमित सेवन से हार्ट संबंधी बीमारियों का खतरा टलता है। ये ब्लड फ्लो और इंडोथेलियल फंक्शन में सुधार लाता है, जिससे कार्डियोवैस्कुलर रिस्क के खतरे टलते हैं।
- **प्लांट बेस्ड-** टोफू एक प्लांट बेस्ड प्रोटीन है, जिसे वीगन डाइट फॉलो करने वाले भी खा सकते हैं, लेकिन वहीं पनीर को ये लोग नहीं खा सकते हैं। इस तरह भी टोफू ज्यादा फायदेमंद है।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

**संक्षेप...**

## भिवंडी में आग लगने से 2 कबाड़ गोदाम राख

**भिवंडी.** भिवंडी में एक गोदाम में आग लगने के बाद 2 कबाड़ गोदाम जलकर खाक हो गए.बुधवार शाम को हुई इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ.भिवंडी इलाके के वडवली नाका स्थित एक गोदाम में बुधवार रात करीब 7 बजे आग लगी जो तेजी से पास के दूसरे गोदाम तक फैल गई.आग की लपटें दूर से ही दिखाई दे रही थीं और पूरे इलाके में घना धुआं फैल गया. घटनास्थल पर तुरंत 3 दमकल गाड़ियां भेजी गईं जिन्होंने बृहस्पतिवार सुबह 4 बजे तक आग पर काबू पा लिया.आग बुझने के बाद स्थानीय लोगों ने राहत की सांस लिया.

**दिशा सालियान सुसाइड केस, पिता की हाईकोर्ट में याचिका**

# आदित्य ठाकरे पर FIR के साथ CBI जांच की मांग

■ **सुशांत सिंह राजपूत की मैनेजर थीं**



**मुंबई.** अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व मैनेजर दिशा सालियान के पिता सतीश सालियान ने दिशा की मौत की नए सिरे से जांच की मांग की है। इसके लिए उन्होंने बुधवार को बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दायर की।

याचिका में शिवसेना (UBT) नेता आदित्य ठाकरे के खिलाफ FIR दर्ज करने और जांच CBI को सौंपने का आग्रह किया गया है। आरोप लगाया गया है कि दिशा के साथ गैंगरेप के बाद उसकी हत्या की गई थी। याचिका में सूरज पांचोली, डिनो मोर्या और मुंबई पुलिस पर भी गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

8 जून, 2020 को मुंबई के मलाड इलाके की 14वीं मंजिल से गिरकर दिशा की मौत हो गई थी। पुलिस ने इसे आत्महत्या बताया था। उस समय दिशा के पिता ने जांच को संतोषजनक माना था।

भाजपा नेता नितेश राणे ने तीन साल पहले दिशा से गैंगरेप के बाद उनकी हत्या का आरोप लगाया था। हालांकि, दिशा में माता-पिता ने बेटी को बदनाम करने की साजिश कहते हुए नितेश पर ही केस दर्ज कराया था।

अब 5 साल बाद दिशा के पिता का कहना है कि उन्हें नजरबंद करके पुलिस के पेश सबूतों को सच मानने के लिए मजबूर किया गया था। दिशा के पिता की याचिका के बाद महाराष्ट्र में राजनीति तेज हो गई है। कैबिनेट मंत्री नितेश राणे ने कहा, 'आदित्य ठाकरे को विधायक पद से इस्तीफा दे देना चाहिए और जांच का सामना करना चाहिए।'

**वकील बोले- 1 साल से FIR दर्ज नहीं की जा रही**

दिशा सालियन केस में उनके पिता के वकील निलेश सी ओझा ने बताया कि सितंबर 2023 में उन्होंने एक जनहित याचिका (PIL) दायर कर FIR दर्ज करने और कार्रवाई की मांग की थी। इसके बाद दिसंबर 2023 में शिंदे सरकार ने इस मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल (SIT) का गठन किया।

उन्होंने आगे कहा कि 12 जनवरी 2024 को इस मामले में एक लिखित शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिसमें आदित्य ठाकरे, सूरज पंचोली और अन्य लोगों पर गैंगरेप का आरोप लगाया गया था। लेकिन एक साल से ज्यादा समय बीत जाने के बावजूद एफआईआर दर्ज नहीं हुई।

# ठाणे मनपा पानी बिल वसूली को लेकर हुई आक्रामक

■ **चालू वर्ष का भुगतान न करने वालों और बकायादारों का जलापूर्ति रोकने की कार्रवाई**

■ **अब तक 127 करोड़ रुपये की बिल वसूली**



**ठाणे.** मनपा के जल आपूर्ति विभाग ने बकाया और चल रहे बिलों को इकट्ठा करने के लिए एक आक्रामक अभियान शुरू किया है और गुरुवार को एक बड़े रहिवासी परिसर में कार्रवाई की गई ब्रह्माण्ड फेस थ्री, लोढ़ा क्राउन, दोस्ती कोरोना आदि स्थानों पर कार्रवाई की गई और एक दिन में 50 लाख रुपये के बिल जगह पर ही वसूले गए।पानी का बिल नहीं चुकाने पर सुबह दोस्ती कोरोना सोसायटी की पानी सप्लाई बंद कर दी गई।उस कॉम्प्लेक्स के पदाधिकारियों ने 8 लाख 67 हजार रुपये का चेक दिये जाने के तुरंत बाद जलापूर्ति शुरू कर दी गयी।इसी तरह लोढ़ा क्राउन और बालकूम की इमारतों पर भी कार्रवाई की गई। उपनगरीय अभियंता विनोद पवार ने बताया कि विभिन्न संबंधित उपभोक्ताओं द्वारा कुल 13 लाख 51 हजार रुपये का चेक देने के बाद उनकी जलापूर्ति बहाल कर दी गयी।मनपा आयुक्त सौरभ राव ने हाल ही में आयोजित विभाग प्रमुखों की समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों के राजस्व संग्रहण की समीक्षा की। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि मार्च माह के अंत तक उपलब्ध कुछ दिनों की अवधि का सदुपयोग करते हुए सभी विभाग अपने वसूली लक्ष्य को पूरा करें।वहीं जल आपूर्ति विभाग ने उपनगर अभियंता विनोद पवार के नेतृत्व में गुरुवार को वर्तक नगर, लोकमान्य नगर और सावरकर नगर, माजीवाड़ा-मानपाडा प्रभाग समिति में वसूली अभियान चलाया।उपनगर अभियंता पवार ने बताया कि मार्च अंत तक बकाया राशि का भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं का पानी कनेक्शन अप्रैल के शुरुआती सप्ताह में खंडित कर दिया जायेगा।

31 मार्च के बाद कोई अभय योजना नहीं

साथ ही बकाया पर ब्याज पर लागू 100 प्रतिशत छूट की अभय योजना अगले साल लागू नहीं होगी।अभियंता पवार ने यह भी कहा कि इस अभय योजना की अवधि 31 मार्च 2025 तक है।

# डोंबिवली जल परिवहन प्रकल्प रो-रो सेवा के जेट्टी निर्माण कार्य का भूमिपूजन संपन्न हुआ



**डोंबिवली.** डोंबिवली के नागरिकों के लिए जलमार्ग से यात्रा को आसान बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। डोंबिवली-मोठागांव जल परिवहन प्रकल्प के तहत रो-रो सेवा के लिए जेट्टी के निर्माण कार्य का भूमिपूजन बड़े उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे के कल्याण जिला प्रमुख दिपेश पुंडलिक म्हात्रे की विशेष उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम में मोठागांव के स्थानीय नागरिक और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

दिपेश पुंडलिक म्हात्रे ने बताया कि इस प्रोजेक्ट के लिए 2018 में तत्कालीन पालकमंत्री और सांसद के साथ निरीक्षण किया गया था। इसके बाद लगातार संबंधित विभागों से इस प्रोजेक्ट के लिए प्रयास किए गए। महाराष्ट्र मेरीटाइम बोर्ड के माध्यम से इस प्रोजेक्ट के लिए 1000 करोड़ रुपये की डीपीआर तैयार की गई, जिसमें से प्रारंभिक रूप में 80 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। डोंबिवली-मोठागांव जेट्टी के लिए 22 करोड़ रुपये का फंड स्वीकृत किया गया है।

इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट के तहत रो-रो सेवा शुरू होने से डोंबिवली से मुंबई, नवी मुंबई, वसई और विरार के बीच नागरिक अपने वाहनों के साथ जलमार्ग से यात्रा कर सकेंगे। इससे यात्रा का समय घटेगा और ईंधन की बचत होगी। इसके अलावा, इससे सड़क पर वाहनों का दबाव कम होगा और प्रदूषण भी घटेगा। म्हात्रे ने कहा कि यह प्रोजेक्ट अगले दो वर्षों में पूरा हो जाएगा और इससे नागरिकों को एक नई और सुविधाजनक परिवहन सेवा मिलेगी।

# मुरबाड से शहापुर जा रही MSRTC बस दुर्घटनाग्रस्त

■ **35 यात्री घायल**



**ठाणे.** ठाणे जिले के मुरबाद से शाहपुर जा रही ए क एमएसआरटीसी बस बुधवार को सड़क से उतरकर पलट गई, जिससे 35 यात्री घायल हो गए। मामल में पुलिस ने बताया कि यह घटना दोपहर के समय कुदावली गांव के पास हुई, जब बस तीखे मोड़ पर चालक से नियंत्रण खो बैठी।

स्थानीय निवासियों और राहगीरों ने तुरंत घायलों की मदद की और घटना की जानकारी पुलिस और आपातकालीन सेवाओं को दी। घटनास्थल पर पुलिस और चिकित्सा दल ने राहत कार्य शुरू किया।

# मुंब्रा में लिफ्ट गिरने से 3 लोग घायल



**ठाणे.** मुंब्रा के रशीद कंपाउंड इलाके में सात मंजिला इमारत जिक्रा महल की लिफ्ट गिरने से तीन लोग मामूली रूप से घायल हो गए. घायलों में दो छोटी बच्चियों का समावेश है. लिफ्ट का केबल टूट गया, जिससे लिफ्ट सीधे सातवीं मंजिल से नीचे गिर गई. घायल हुए लोगों के नाम इमरान शेख (30), आयशा शेख (9) और इकरा शेख (5) बताया गया.इमरान को पीठ में चोट लगी है. आयशा शेख एवं इकरा शेख को मामूली चोटें आईं हैं.

मुंब्रा के कौसा इलाके के रशीद कंपाउंड स्थित जिक्रा महल ग्राउंड प्लस सात मंजिला इमारत है. रात 10 बजे छह लोग इस लिफ्ट में सवार हुए थे. उस समय इस लिफ्ट का केबल टूट गया और यह नीचे गिर गई. लिफ्ट सातवीं मंजिल से सीधे ग्राउंड फ्लोर पर गिरी. दुर्घटना के बाद, इमारत में मौजूद नागरिक लिफ्ट में मौजूद लोगों को बाहर निकालने के लिए दौड़े.लिफ्ट में कुल छह लोग थे. उनमें से तीन को मामूली चोटें आईं हैं.उन्हें इलाज के लिए छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल ले जाया गया.

# सामाजिक कार्यकर्ता सत्यवान शिंदे की महाराष्ट्र राज्य दिशा समिति के सदस्य पद पर नियुक्ति



**मुंबई.** ग्रामीण विकास मंत्रालय ने प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता सत्यवान वी. शिंदे को महाराष्ट्र राज्यस्तरीय दिशा समिति के सदस्य के रूप में नियुक्त किया है। यह समिति केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के अधीन कार्यरत है और ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे विभिन्न विकास परियोजनाओं की निगरानी करती है। इस अवसर पर महाराष्ट्र जनता दल (एस) के कार्यकारी अध्यक्ष सुरेंद्रकुमार बाजपेयी ने जोगेश्वरी में आयोजित एक कार्यक्रम में सत्यवान शिंदे का सत्कार किया। श्री बाजपेयी ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि श्री शिंदे के पास ग्रामीण परियोजनाओं की निगरानी और क्रियान्वयन के लिए आवश्यक कौशल है, जिससे उनकी भागीदारी राज्य सरकार को इन परियोजनाओं को अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने में मदद करेगी।

सम्मान समारोह में महाराष्ट्र समर्थ कामगार संघ के सचिव मनीष चव्हाण, भाजपा के वार्ड अध्यक्ष भूषण चव्हाण, केरल मुंबई उत्कर्ष सभा के अध्यक्ष रूपेश कृष्णन, व्यापारी दीपक गुप्ता और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# ठाणे में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

■ **राज्य की 62 महिला व पुरुष टीमों ने लिया भाग**



**ठाणे.** मुख्यमंत्री कप कबड्डी टूर्नामेंट का उद्घाटन वन मंत्री गणेश नाइक ने किया। राज्य की 62 पुरुष व महिला टीमों ने ब्रास बैंड धुन, गणेश वंदना नृत्य शैली, रोचक और रोमांचक जिम्नास्टिक अभ्यासों की प्रस्तुति दी।वन मंत्री गणेश नाइक ने विश्वास व्यक्त किया कि राज्य में खेल क्षेत्र के पीछे महायुति सरकार है और "महाराष्ट्र अब नहीं रुकेगा" टैगलाइन के अनुसार खेल क्षेत्र प्रगति करेगा।भाजपा जिला अध्यक्ष संजय वाघुले की संकल्पना के तहत शहर स्थित जे. के. कंपाउंड में महाराष्ट्र राज्य कबड्डी संघ की ओर से ठाणे जिला कबड्डी संघ व विश्वास सोशल सोसायटी और शारदा संकल्प प्रतिष्ठान की ओर से मनपा के सहयोग से 72 वीं पुरुष श्री कृष्ण ट्रॉफी और महिला समूह के लिए यह प्रतियोगिता आयोजित किया गया। इस अवसर पर भाजपा विधायक संजय केलकर, राज्य कबड्डी संघ के उपाध्यक्ष और पूर्व मंत्री गजानन कीर्तिकर, पूर्व सांसद संजीव नाइक, राज्य कबड्डी संघ के उपाध्यक्ष दिनकर पाटिल, उमेश पाटिल, सुनेश जोशी, सुनील हंडोरे, पूर्व नगरसेवक कमल चौधरी, कविता पाटिल, अर्चना मनेरा, स्नेहा आंब्रे दीपा गावंड,नारायण पवार, नंदा पाटिल, प्रतिभा मढ़वी, नम्रता कोली, भाजपा नौपाड़ा मंडल महिला मोर्चा की अध्यक्ष वृषाली वाघुले आदि उपस्थित रही।

# नूपुर डांस अकादमी का 25वां वार्षिकोत्सव संपन्न



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर के प्रसिद्ध नूपुर अकादमी द्वारा रविवार 16 मार्च 2025 को अपने 25वें वार्षिकोत्सव कार्यक्रम टाऊन हॉल में संपन्न हुआ। जहां भारतीय शास्त्रीय नृत्य भरतनाट्यम का रंगारंग कार्यक्रम हुआ। शहर की नृत्य संस्थान जिसकी स्थापना 1999 में श्रीमती रेखा शाह और राजीव शाह ने की थी। उनके द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

1999 में नूपुर डांस अकादमी की स्थापना करने वाली श्रीमती रेखा शाह एक प्रसिद्ध नर्तकी और कोरियोग्राफर हैं। उनकी समर्पण और जुनून ने अनगिनत छात्रों में कला के प्रति प्रेम पैदा किया है, जो उल्लेखनीय सफलता प्राप्त करने के लिए आगे बढ़े हैं। उनकी उपलब्धियों में 2007 में नृत्य भूषण पुरस्कार और 2009 में माता मजनीबाई पुरस्कार शामिल है। उनके छात्रों ने कोली नृत्य और तरंगम जैसी राष्ट्रीय स्तर की नृत्य प्रतियोगिताओं में भी पुरस्कार प्राप्त किए हैं, और प्रतिष्ठित स्थलों जैसे कि मुंबई के इस्कॉन मंदिर, रंग शारदा और हृदयनाथ मंगेशकर नाट्यगृह, मुंबई के मंचों पर अपनी प्रतिभा दिखाई है।

# 4 लोग लापता

**नवी मुंबई.** नवी मुंबई पुलिस आयुक्तालय के तहत आने वाले उलवे,कलंबोली, पलस्पे गांव और सानपाड़ा से 4 लोगों के लापता होने की घटना प्रकाश में आई है. उलवे नोड के सेक्टर- 8 से बिउरा दीपक विश्वकर्मा नामक विवाहिता लापता हुई, वह घर में यह कहकर निकली थी कि वह कुछ घरेलू काम करने जा रही है, लेकिन अभी तक वापस नहीं लौटी.जिसकी गुमशुदगी की शिकायत उलवे पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गई है. इसी तरह कलंबोली में रहने वाली सना बानो खुर्शीद आलम शहा नामक विवाहिता घर वालों को बगैर कुछ बताए ही कहीं चली गई. जिसकी शिकायत कलंबोली पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गई है. वहीं पनवेल शहर पुलिस स्टेशन में 58 साल के राजकुमार शेलके नामक व्यक्ति के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई गई है, शेलके पनवेल के पलस्पे गांव में रहते थे. इसी तरह सानपाड़ा के सेक्टर- 5 से अनिल फाकड़े नामक 32 साल का युवक लापता हो गया. जिसकी गुमशुदगी की शिकायत सानपाड़ा पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गई है.




# ऐश्वर्या राय और सलमान का रिश्ता टूटने का सच आया सामने



बॉलीवुड के भाईजान की जिंदगी में कितने ही लोग क्यों न हो, लेकिन जिसे उन्होंने चाहा वो सलमान खान को नहीं मिला। हम बात कर रहे हैं ऐश्वर्या राय की। एक समय था जब सलमान खान और ऐश्वर्या एक रिश्ते में थे। दोनों एक दूसरे से बेहद प्यार करते थे और शादी भी करना चाहते थे, लेकिन ऐसा हो नहीं पाया। अचानक फैंस के सामने खबर आई कि ऐश्वर्या और सलमान खान का ब्रेकअप हो गया है। किसी को कुछ समझ नहीं आया कि आखिर कपल अलग क्यों हुए। अब सालों बाद दोनों के ब्रेकअप की असली वजह सामने आ गई है। जिसे सुनकर फैंस भी हैरान हो रहे हैं और भाईजान के लिए प्यार दिखा रहे हैं।

जर्नलिस्ट हनीफ जावेरी ने मेरी सहेली से बातचीत करते हुए बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने बताया, "ऐश्वर्या और सलमान सच में शादी करना चाहते थे। विवेक ओबरॉय और ऐश्वर्या के अफेयर की खबरें सब झूठी थीं। विवेक ओबेरॉय ने हमेशा यह दिखाने की कोशिश की की ऐश्वर्या राय उन्हें पागलों की तरह प्यार करती है पर ऐसा कुछ नहीं था। ऐश्वर्या राय तो सलमान खान से प्यार करती थीं। सलमान और ऐश्वर्या दोनों अपने प्यार को लेकर सीरियस थे। लेकिन ऐश्वर्या राय का परिवार सलमान खान से शादी के खिलाफ था। क्योंकि सलमान खान पर दूसरी हीरोइनों के साथ अफेयर के कई किस्से थे। उनका नाम सोमी अली, संगीता बिजलानी उनकी गर्लफ्रेंड के रूप में पूरी इंडस्ट्री में फैला हुआ था। ऐश्वर्या राय के माता-पिता को लगता था कि सलमान हमारी बेटी के साथ शायद फ्लर्ट कर रहा है।"

हनीफ जावेरी ने आगे बताया, "ऐश्वर्या राय को भी कहीं न कहीं अपने प्यार पर भरोसा नहीं था। ऐसे में सलमान खान चाहते थे कि वह जल्दी शादी करके सेटल हो जाए। वहीं, ऐश्वर्या राय का करियर उस समय पीक पर था और वह अपने करियर पर ध्यान देना चाहती थीं। इसी बीच दोनों में चीजे खराब होने लगीं। फिर एक दिन सलमान खान उनकी बिल्डिंग में जाकर उनके दरवाजे पर जोर-जोर से चिल्लाने लगे और उन्होंने ड्रामा क्रिएट कर दिया। जिस वजह से उनके पड़ोसियों ने भी उनके खिलाफ इंटरव्यू दिए और पेपर में आया। यह बात ऐश्वर्या राय को बहुत खली और उनको लगा कि ये मेरे लिए ठीक नहीं होगा और वो खुद ही पीछे हट गईं। उन्होंने सलमान खान से ब्रेकअप का बड़ा फैसला ले लिया।"

## रक्तदान महादान दान

### जिले के नागरिकों को रक्तदान करने के लिए जिला प्रशासन ने किया आवाहन

**ठाणे.** ऐसा मान्य है कि एक व्यक्ति द्वारा रक्तदान करने के बाद उस रक्त के सभी महत्वपूर्ण घटकों को हटाकर पांच लोगों की जान बचाई जा सकती है।इसीलिए रक्तदान महादान दान है।जिला अधिकारीअशोक शिनगारे, जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे, जिला सिविल सर्जन डॉ. कैलास पवार, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गंगाधर पारगे,जिला सूचना अधिकारी मनोज सानप ने नागरिकों से आवाहन किया है कि रक्तदान करे। इच्छुक रक्तदाताओं, गैर सरकारी संगठनों, कॉलेज के युवाओं को स्वेच्छा से रक्तदान करने की पहल करनी चाहिए। जरूरतमंद मरीजों की मदद करनी चाहिए और रक्तदान करके इस सामाजिक और राष्ट्रीय कार्य में भाग लेना चाहिए।इसके अलावा यदि कोई रक्तदान शिविर आयोजित किया जाना है तो नागरिकों को ठाणे जिला प्रशासन के माध्यम से जिला रक्त अधिकारी गिरीश चौधरी (9869685282) से संपर्क करें।




यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099